# हिन्दी (प्रथम भाषा)

**विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)**

**प्रथम एकक परीक्षा *नमूना 1***

**कक्षा - दशम्**

पूर्णांक - 40

1.क) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम **दश** वाक्यों में) : 6×1=6

i) 'बाल-वर्णन' के आधार पर कृष्ण की अनुपस्थिति में माता यशोदा की मनोदशा और कृष्ण द्वारा प्रेषित संदेश का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

ii) पठित दोहों के आधार पर कवि बिहारी के भक्ति-संबंधी-दोहों पर प्रकाश डालिए।

ख) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम ***तीन*** वाक्यों में) : 2×2=4

i) 'इस करुणा-कलित हृदय में, अब विफल रागिनी बजती' - का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

ii) कवि सेनापति के अनुसार शिशिर ऋतु में चकोर और चकवा की क्या दशा होती है और क्यों?

iii) कवि प्रसाद के हृदय में जलने वाली ज्वाला कैसी है तथा वह किस 'ईंधन' ओंर 'अनिल' से जल रही है?

2. किन्हीं **दो** प्रश्नें के उत्तर दीजिए (अधिकतम **६:** वाक्यों में) : 5×2=10

क) ''उस समय समझ में आया कि द्रोणाचार्य ने अपने भील शिस्म से अँगूठा कैसे कटवा लिया था।''
- यह किसका कथन है ?
यहाँ द्रोणाचार्य और उनके भील शिस्य का उल्लेख क्यों किया गया है ? (1+4)

ख) ''वही हमारी एकता का मूल सूत्र है।''
- पाठ का नाम बनाइए।
पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (1+4)

ग) अति भय और भयकारक का सम्मान असभ्यता के लक्षण हैं।''
रचयिता का नाम बताइए।
उपर्युक्त गद्यांश को सोदाहरण स्पस्ट कीजिए। (1+4)

3. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम **दस** वाक्यों में) : 5×1=5

क) 'छोटा जादूगर' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

ख) 'हे चिर महान्' **अथवा** 'आत्मगौरव' कविता के मूल कथा और प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

4. क) निम्नलिखित ध्वनियों का उच्चारण-स्थान बनाइए : ½×4=2

ह् अ, ज् , ग्।

ख) प्रत्यय पृथक् कीजिए और रूप बनाइए : 1×2=2

साहित्यिक, उदासीन।

ग) तत्सम रूप बनाइए : 1×2=2

ससुर, सूखा।

घ) निम्नलिखित वाक्यों में आए कारक-रूपों को बताते हुए उनके नाम का उल्लेख कीजिए : 1×4=4

i) घर को उत्सव के लिए सजाओ।

ii) छात्रों को पुरस्कार दिए गए।

iii) अनूप का भाई पढ़ रहा है।

iv) राम सोहन से अधिक मेधावी है।

5. किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 5×1=5

क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

गले मढ़ना, दाल ना गलना, बगुला बगत, कसौदी पर कसना, तलवे चाटना।

ख) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए : 1×5=5

i) वृक्षों पर कुछ अजीब हरियाली है खेतों पर कुछ अजीब रौनक है

ii) बड़े बड़े आदमी हैं सच

iii) हामिद लोग अन्हों कैसे खुश करने होंगे

iv) इस पर वहन भाई में भार पीठ हुई

v) और अब एक बड़ी विचित्र बात हुई हामिद के इस चिमटे से भी विचित्र

## विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)
## द्वितीय एकक परीक्षा *नमूना 1*
### कक्षा - दशम्

पूर्णांक - 50

1. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम ६: वाक्यों में) : 5×2=10

क) ''मुट्‌ठी-भर दाने को मूख मिलने को —
मुँह फटी-पुरानी झोली का फैलाना —
दो टूक कलेजे के करना पछताता पथ पर आता।''
सेकेतित व्यक्ति कौन है?
उपर्युक्त काव्यांश में निहित मर्मिकता को स्पष्ट कीजिए। (1+4)

ख) ''कोकिल गावे, किन्तु राग शेने का गावे।
भ्रमर करे गुंजार, कह्ट की कथा सुनावे।।''
यहाँ किस स्थान की चर्चा की गई है?
अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। (1+4)

ग) ''पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहनत चाहिए
वह मेहतर मैं हो नहीं पाता''
- कवि मेहतर क्यों बनना चाहता है?
वह मेहतर क्यों नहीं बन पाता? (2+3)

घ) ''नहीं नहीं प्रभु तुमसे
शक्ति नहीं माँगुँगा।''
- कवि और कविता का नामोल्लेख कीजिए।
वक्ता अपने लिए शक्ति क्यों नहीं माँगना चाहता? (2+3)

2. किसी **एक** प्रश्नों का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***बीस*** वाक्यों में) : 10

क) 'बिल्ली और वजीर' कहानी के शीर्षक की सार्थकता आपने शब्दों में लिखिए।

ख) भारत में उपभोक्तावादी संस्कृति के विकास के कारणों और दुष्परिणामों पर विचार कीजिए।

ग) 'अंडे के छिलके' एकांकी के प्रभुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

3. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***पन्द्रह*** वाक्यों में) : 10×1=10

क) ''धार्मिक दंगों की राजनीति' कविता के माध्यम से कवि ने हमें क्या संदेश दिया है?

ख) 'ठाकुर का कुआँ' **अथवा** 'बेबसी का ज्ञान' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

4.क) निम्नलिखित वाक्यों में से सामास-पदों को चुनिए, अनका विग्रह कीजिए और भेद बताइए : 1×2=2

i) बचपन से ही इनकी कवि-प्रतिभा अपना प्रभाव दिखाने लगी थी।

ii) दोपहर हुआ, कुछ खाना न पिया।

ख) निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शव्द की रचना कीजिए : 1×2=2

अप, वद।

ग) विशेषण-रूप लिखिए : 1×2=2

चिह्न, भाव।

घ) संधि-विच्छेद कीजिए और भेद लिखिए : 1×2=2

सरोज, भारतेन्दु।

ङ) निर्देशानुसार वाक्य-परिवर्तन कीजिए : 1×2=2

i) इन्हें गृहस्थी की चिन्ताओं से क्या प्रयोजन? (निषेधात्मक वाक्य में)

ii) गाँववालें ने बाढ़ के पानी को रोकने का बहुत प्रयास किया किन्तु वह रूक न सका। (सरल वाक्य में)

4.क) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5

Honesty is a great virtue. If you do not deceive others, if you do not tell a lie, if you are just and fair in your dealings with others, you are an honest man. Honesty is the best policy. An honest man is respected by all. No one can prosper in life if he is not honest.

ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम **दस** वाक्यों में) : 5×1=5

भाव-विस्तार कीजिए :

'गतिशीलता ही जीवन है।'

ग) विद्यालय-पत्रिका में प्रकाशन के लिए अपने विद्यालय में आयोजित कविता-पाठ प्रतियोगिता पर एक प्रतिवेदन लिखिए।

# नमूना प्रश्न-पत्र

## कक्षा - दशम्

## विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)

पूर्णांक - 90

1. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम ***तीन*** वाक्यों में) : 2×2=4

क) कृष्ण नंद को निष्ठुर क्यों कहते हैं?

ख) कवि बिहारी श्रीकृष्ण के किस रूप को अपने हृदय में सदा बसाना चाहते हैं?

ग) ''अभिमन्यु जैसे हो सकोगे तुम'' - इस पंक्ति में निहित अर्थ स्पष्ट कीजिए।

घ) ''यहाँ मत शौर मचाना' - किसे, कहाँ और क्यों शोर मचाने से मना किया जा रहा है?

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम ***छः*** वाक्यों में) : 5×2=10

क) ''बिमल अकास होत वारिज विकास, सेनापति,
फूले कास हित हंसन के होय कौं।''

i) उद्धृत पंक्ति किस ऋतु से संबंधित है?

ii) उक्त ऋतु की किस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है? (1+4)

ख) ''बड़े न हूजै गुननु बिनु, बिरद बड़ाई पाइ।
कहत धतूरो सौं कनक, गहनो गदयौं न जाद।।''

i) यह दोहा किस भाषा में रचित है?

ii) दोहे का अर्थ-स्पष्ट करते हुए यह बताइए कि इसके माध्यम से कवि ने हमें क्या संदेश दिया है? (1+4)

ग) ''धस गई एक बस्ती है
स्मृतियों की इसी हृदय में
नक्षत्र-लोक फैला है -
जैसे इस निलय में।''

i) उद्धृत अंश के रचयिता का नाम बताइए।

ii) इन पंक्तियों में निहित अर्थ स्पष्ट कीजिए। (1+4)

घ) ''असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ''

i) यह अंश किस कविता से उद्धृत है?

ii) कौन असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हुए है और क्यों? (1+4)

3. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***बीस*** वाक्यों में) : 9×1=9

क) सूरदास के 'बाल-वर्णन' की विशोषताएँ स्पष्ट कीजिए।

ख) 'भिक्षुक' कविता में चित्रित सामाजिक-आर्थिक विषमता पर प्रकाश डालिए।

ग) 'प्रार्थना' कविता में व्यक्त कवि के विचारों को अपने शब्दों में लिखिए।

4. उत्स का उल्लेख करते हुए किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए (अधिकतम ***चार*** वाक्यों में) : 2×1=2

क) 'रितुराज'।

ख) 'तेलिया-लिबास'।

ग) 'प्रणय-सिन्धु'।

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम **तीन** वाक्यों में) : 2×2=4

क) ''वह गोधूली मुझे अब तक नहीं भूली'' - वह 'गोधूली' से रचयिता का आशय स्पष्ट कीजिए।

ख) भय और आशंका में क्या अंतर है?

ग) ''किस बिन्दु पर रुकेगी यह दौड़?'' संकेतित दौड़ का आशय स्पष्ट कीजिए।

घ) ''सच पूछो गोपाल, तो हमें इस चीज का पहले से ही पता है।'' किसे, किस 'चीज' का पहले से ही पता है?

6. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम ***छः*** वाक्यों में) : 5×2=10

क) ''तब मेरी समस्या और भी जटिल हो गई।''

i) 'मेरी' से किनकी ओर संकेत किया गया है?

ii) यहाँ किस 'समस्या' की ओर संकेतित है? वह और भी जटिल क्यों हो गई? (1+4)

ख) ''पर इस युग में दोनों का विलक्षण सहयोग हो गया है।''

i) पाठ और लेखक के नाम लिखिए।

ii) सप्रसंग पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (2+3)

ग) ''मैं आपको पूरा-पूरा अधिकार देता हूँ इस संबंध में।''

i) 'मैं' और 'आपको' से किनकी ओर संकेत है?

ii) वक्ता के उपर्युक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (2+3)

घ) ''भाषाओं का भेद होते हुए भी विचारों की एकध्येयता रही है।''

i) प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से उद्धृत है?

ii) पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (1+4)

7. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***बीस*** वाक्यों में) : 9×1=9

क) ''उपेक्षित लोग भी गुदड़ी के लाल होते हैं। उन्हें खोजकर उनका विकास करना चाहिए।'' 'घीसा' पाठ के आधार पर इस कथन की सत्यता प्रमाणित किजिए।

ख) 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' निबंध में व्यक्त लेखक के विचारों को अपने शब्दों में लिखिए।

ग) 'अंडे के छिलके' एकांकी के माध्यम से एकांकीकार ने क्या संदेश दिया है, स्पष्ट कीजिए।

8. उत्स का उल्लेख करते हुए किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए (अधिकतम ***चार*** वाक्यों में) : 2×1=2

क) चरक।

ख) 'मैजिक' फार्मूला।

ग) चन्द्रकान्ता।

9. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***बीस*** वाक्यों में) : 10×1=10

क) 'धार्मिक दंगों की राजनीति' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।

ख) 'छोटा जादूगर' कहानी में व्यक्त लेखक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

10. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 3×1=3

क) वाक्य किसे कहते हैं? अर्थ के अनुसार वाक्य के भेदों के नाम सोदाहरण लिखिए। (1+4)

ख) सन्धि और समास का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 5

ग) किन्हीं **दो** की सोदाहरण परिभाषा लिखिए : 1½×2

देव्दज शरा, संख्यावाचक विशेषण, तद्धित प्रत्यय।

11. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×3=6

क) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** सन्धि-पदों को चुनिए और अनका विच्छेद करते हुए उनके नाम बताइए : (1×2=2)

i) पृथ्वी को उच्छ्वास के समान उटते हुए धुँधलेपन में वे कच्चे घर आकण्ठ-मग्न हो गए थे।

ii) वह अपने बचाव के उद्योग में लग जाता है।

iii) निर्भयता के संपादन के लिए दो बातें अपेक्षित होती हैं।

ख) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** समास-पदों को चुनिए और उनका विग्रह करते हुए नाम बताइए : (1×2=2)

i) फिर भी वह एक सुसंगठित शस्ट्र है।

ii) धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है।

iii) एक धर्म के आराध्य दूसरे धर्म में महापुरुष के रूप में स्वीकार किए गए हैं।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के प्रत्यय पृथक् कीजिए और प्रत्यय का रूप बताइए : (1×2=2)

आवश्यकता, वैदिक, बचत।

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए (कोई **दो**) : (1×2=2)

i) राजनीति की अपेक्षा धर्म और संस्कृति मनुष्य के हृदय के अधिक निकट हैं। (निषेधात्मक वाक्य में)

ii) इस बीच उसका कोइ समाचार न मिलना ही संभव था। (मिश्र वाक्य में)

iii) उपाध्याय जी मंत्री तो बन गए, लेकिन वे इस पद से खुश न थे। ('खुश' शब्द का संज्ञा रूप प्रयुक्त कर वाक्य परिवर्तित कीजिए।)

12. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2\times3=6$

क) निम्नलिखित ध्वनियों में से किन्हीं **दो** के उच्चारण-स्थान बताइए : $(1\times2=2)$

ई, श्, थ्।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** तद्भव शब्दों के तत्सम रूप बताइए : $(1\times2=2)$

धुआँ, कान, जीभ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** उपसर्गों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए : $(1\times2=2)$

अनु , नेक, नि।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों में आए हुए कारक-रूपों को बताते हुए उनके नाम का उल्लेख कीजिए : $(1\times2=2)$

i) गरीबों को वस्त्र दीजिए।

ii) वह दिल्ली से आ रहा है।

iii) अमीना का दिल कचोट रहा है।

13. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : $5\times1=5$

क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाते हुए उन वाक्यों को पुनः लिखिए (कोई **पाँच**) : $1\times5=5$

i) प्रेमचन्द की गोदान एक महान् कृति है

ii) क्यों बेदे तुमने ली ती नहीं

iii) वह गुम सुम खड़ा था कुछ नहीं बोला

iv) असंभव मौं भी साम्राज्य में सम्मिलित हो जाऊँगा

v) पत्नी ने शकपकाकर कहा मैं चलूँगी तो यहाँ का क्या होगा

vi) जहाँ जहाँ गए इनके स्वागत-सत्कार का क्या पूछना

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए : $1\times5=5$

रंग जमाना, सिर पर आना, मैदान मार लेना, खेत रहना, खून सफेद होना, छोटा मुँह बड़ी बात।

14. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5

Every free country has a flag of its own. It is the symbol of independence, unity and honour. Any dishonour to the national flag is considered to be a dishonour to the nation. The people of a country can sacrifice even their lives for the honour of their national flag.

15. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***दस*** वाक्यों में) : 5×1=5

क) भाव-विस्तार कीजिए :

''दे मन का उपहार सभी को, ले चल मन का भार अकेले।''

ख) विद्यालय-पत्रिका में प्रकाशन के लिए अपने विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेमचन्द-जयन्ती पर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

**[Only For External Candidates]**

16. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम ***बीस*** वाक्यों में) : 10×1=10

क) 'जलियाँवाला बाग में वसन्त' कविता का मूल भाव लिखिए।

ख) 'भारत की सांस्कृतिक एकता' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।